पुस्तकालय

1

3089
28/4/10

सत्यमेव जयते

असंशोधित

31 MAR 2010

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

**(भाग 1—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर)**

गै०स०प्र०सं० 864 तिथि 21/4/10

चाहता हूं कि उस जमीन की सुरक्षा के लिये कांटेदार तार से घेराबंदी का विचार रखते हैं ?

श्री अवधेश नारायण सिंह,मंत्री : इसके लिए हमलोग भवन निर्माण विभाग को लिखेंगे कार्रवाई के लिये और जहां तक घेराबंदी का प्रश्न है, हम घेराबंदी करवा देंगे ।

श्री तार किशोर प्रसादः अध्यक्ष महोदय, मैं आप के माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि वह जो भूखंड है, वह आवासीय परिसर के लिये अधिग्रहण किया गया था लेकिन अभी तक उस पर कोई आवासीय परिसर का निर्माण नहीं हुआ है तो क्या आई०टी०आई० से जुडे कर्मचारियों, प्रशिक्षकों को रहने के लिये आवासीय परिसर बनाने का कोई विभाग की योजना है या कोई इन्जीनियिरिंग कॉलेज या इस तरह के संस्थान हैं, खोलने की सरकार की कोई योजना उस जमीन पर है क्योंकि वह शहर के बगल का काफी महत्वपूर्ण जमीन है ?

प्रभारी मंत्री : अध्यक्ष महोदय, आवासीय के लिए उन को हमलोग दिये थे । इन्जीनियरिंग कॉलेज को देने का अभी कोई विचार नहीं है ।

...

तारांकित प्रश्न संख्या : ७९०

श्री हरि प्रसाद साह,मंत्री : अध्यक्ष महोदय, खंड १ : उत्तर अस्वीकारात्मक है।

वस्तुस्थिति यह है कि बिहार पंचायत राज अधिनियम,२००६ की धारा-२५ के प्रावधानानुसार ग्राम पंचायतों में स्थायी समितियों के गठन हेतु विभागीय पत्रांक २९२८ दिनांक १६.०६.०८ पत्रांक ४१२६ दिनांक १.०८.०८ पत्रांक ३११० दिनांक ०७.०७.०९ एवं पत्रांक ६४७५ दिनांक १२.११.०९ द्वारा सभी जिला पदाधिकारियों से ग्राम पंचायतों में लोक स्वास्थ्य,परिवार कल्याण एवं ग्रामीण स्वच्छता समिति तथा लोक निर्माण समिति सहित अन्य सभी स्थायी समितियों के गठन हेतु अनुरोध किया गया है ।

क्रमशः

टर्न-17/सत्येन्द्र/31-3-10

श्री हरि प्रसाद साह(मंत्री)(क्रमशः) 2-उत्तर अस्वीकारात्मक है।

जिला पदाधिकारी,सारण द्वारा वर्ष 2008 से ही स्थायी समितियों के गठन हेतु पत्राचार किया गया है। सारण जिला के 19 प्रखंडों में मढ़ौरा और अमनौर प्रखंड के क्रमशः 21 एवं 18 ग्राम पंचायतों सहित लोक निर्माण समिति एवं लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं ग्रामीण स्वच्छता समिति का गठन किया जा चुका है एवं उक्त दोनों समितियों क्रमशः प्रखंड पर्यवेक्षकीय पदाधिकारियों तथा ए0एन0एम0 को सचिव के रूप में नियुक्त किया जा चुका है।

3-कंडिका-1 एवं 2 के उत्तर में वस्तुस्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

श्री लाल बाबू राय: अध्यक्ष महोदय,माननीय मंत्री जी ने स्वीकार किया कि कमिटियों के गठन के लिए पत्राचार किया गया है लेकिन महोदय जहां तक स्थिति है,मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या माननीय मंत्री जी बतलायेंगे कि मढ़ौरा प्रखंड और अमनौर प्रखंड के किन-किन पंचायतों में किन किन कमिटियों का गठन अबतक हो चुका है। क्या इनके पास कोई रिपोर्ट है?

श्री हरि प्रसाद साह(मंत्री): अध्यक्ष महोदय,21 एवं 18 ग्राम पंचायतों में लोक निर्माण समिति एवं लोक स्वास्थ्य,परिवार कल्याण एवं ग्रामीण स्वच्छता समिति का गठन किया जा चुका है एवं उक्त दोनों समितियों में प्रखंड पर्यवेक्षकीय पदाधिकारी तथा ए0एन0एम0 को सचिव के रूप में नियुक्त किया जा चुका है। अगर माननीय सदस्य को किसी में दिक्कत बुझाता हो तो लिखकर देंगे तो उसका हम कर देंगे।

श्री लाल बाबू राय: अध्यक्ष महोदय,मैं जानना चाहता हूँ कि मंत्री जी कोई 2-4 पंचायत का नाम बतलावें,जहां कि कमिटियों का गठन हो चुका हो। 18 पंचायत अमनौर में और 21 पंचायत मढ़ौरा में है,यह तो मैं भी जानता हूँ और सब लोग भी जानते हैं लेकिन किन-किन पंचायतों में गठन हुआ है अबतक,महोदय,मैं इसलिए कह रहा हूँ कि कहीं गठन नहीं हुआ है और जबतक कमिटियों का गठन नहीं होता है,तो जो बार्ड सदस्य जीते हुए हैं वो अधिकार प्रदत्त नहीं हो पा रहे हैं और मुखिया मनमाने ढंग से योजनाओं को चलाते हैं इसीलिए मेरा मानना है महोदय कि माननीय मंत्री,अगर गठन नहीं हुआ है तो कबतक गठन कर के आप कमिटियों को अधिकारसम्मत बनाने का प्रयास करेंगे?

अध्यक्षः माननीय मंत्री जी,बहुत ही गम्भीर सवाल को उठाया है माननीय सदस्य श्री लाल बाबू राय जी ने,यह अत्यंत ही गम्भीर सवाल है इसलिए आप इनके क्षेत्र के सभी पंचायत जहां-जहां कमिटियों का गठन हुआ है,उसकी सूचना आप उनको भिजवा दीजियेगा।

<u>तारांकित प्रश्न संख्या-घ-806</u>

डॉ0 अनील कुमार(मंत्री): 1-उत्तर स्वीकारात्मक है।

2-उत्तर स्वीकारात्मक है।

3-प्रश्नाधीन पथ मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत है,इसका निर्माण कार्य 18-6-07 को प्रारम्भ किया गया और पथ का सोलिंग एवं पुलिया निर्माण